• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण
राजधानी •
वर्ष 22 | अंक 297 | पृष्ठ: 14+6
मूल्य : चार रुपये

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 4 फरवरी 2025
माघ शुक्ल-सप्तमी
विक्रम संवत-2081

amarujala.com | पुरस्कार | भारतीय-अमेरिकी संगीतकार और उद्यमी चंद्रिका टंडन ने जीता ग्रैमी...14 | दिल्ली-एनसीआर

नोएडा एयरपोर्ट से अप्रैल में उड़ान की घोषणा पर मुहर

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नियमित परिचालन इस साल अप्रैल से शुरू होगा। यह न सिर्फ भारत बल्कि एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। नागरिक उड्डयन मंत्री केआर नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान अनुपूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, एयर इंडिया और इंडिगो सहित सभी एयरलाइन कंपनियां नोएडा एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बहुत उत्साहित हैं।

राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह देश ही नहीं एशिया का भी सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। यह दिल्ली एयरपोर्ट के बोझ को कम करेगा। जेवर एयरपोर्ट बनने से एक लाख नए रोजगार सृजित होंगे। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी उड़ान योजना के तहत जेवर एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इसका लक्ष्य देश के छोटे शहरों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल होगा। बाद में चरणबद्ध तरीके से इसका विस्तार किया जाएगा। यह सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों को यात्रा की सुविधा देगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग संपर्क को बेहतर करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। यह फरीदाबाद और हरियाणा के अन्य स्थानों से भी संपर्क मार्ग की सुविधा देगा।

बता दें कि एयरपोर्ट बना रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) ने फ्लाइट शेड्यूलिंग के लिए नागरिक महानिदेशालय को वैमानिकी सूचना प्रकाशन (एआईपी) का ड्राफ्ट भेज दिया है। एयरपोर्ट पर वेलिडेशन फ्लाइट की रिपोर्ट व डाटा के अध्ययन को देखते हुए जल्द इसे मंजूरी मिलने की संभावना है। एयरपोर्ट से अप्रैल 2025 में विमानों की उड़ान प्रस्तावित हैं।

नोएडा एयरपोर्ट

नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू ने राज्यसभा में अनुपूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए दी जानकारी

एयरपोर्ट का 78 फीसदी से अधिक काम पूरा

दावा है कि एयरपोर्ट का 78 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। इस पर अभी तक 9024.12 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल लागत का 89.73 प्रतिशत है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने कहा कि उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना एक क्रांतिकारी योजना रही है और इसे अगले दस वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। सरकार देश भर में 100 और हवाई अड्डे शुरू करने के लिए काम कर रही है।

एयरपोर्ट पर नौ दिसंबर को ट्रायल किया जा चुका है। इंडिगो के विमान ने रनवे पर उतरकर अध्ययन किया और जरूरी सर्विलांस सिस्टम की जांच का रिकार्ड एकत्र किया था। एयरपोर्ट पर ट्रायल सफल रहा था, जिसकी रिपोर्ट पूर्व में ही डीजीसीए को भेजा जा चुकी है। कंपनी ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग सेवा शुरू कराने के लिए फ्लाइट शेड्यूलिंग को लेकर वैमानिकी सूचना प्रकाशन का ड्राफ्ट भी डीजीसीए और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को भेजा है।